**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम सोमवार के लिये निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-32 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 32 (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि शहीदों के परिवार वालों का मृत्यु प्रमाण-पत्र समस्त औपचारिकतायें पूर्ण कराते हुए तत्काल निर्गत किये जाने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 04 फरवरी, 2025 जो कि मुख्य मंत्री उ0प्र0 को सम्बोधित था प्राप्त हुआ है ? | दिनांक 04.02.2025 का उक्त पत्र जन्म प्रमाण-पत्र निर्गत किये जाने से संबंधित है, वह प्राप्त हुआ है। |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त पत्र में किये गये अनुरोधानुसार कार्यवाही पूर्ण कर दी गयी है ? | उक्त पत्र दिनांक 04.02.2025 में की गयी अपेक्षा के क्रम में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु शासन के पत्र दिनांक 20.02.2025 द्वारा नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ को निर्देश दिये गये है। |
| (ग) यदि नहीं, तो कब तक उक्त पत्र में इंगित शहीदों के परिवार वालों का मृत्यु प्रमाण- पत्र समस्त औपचारिकतायें पूर्ण कराते हुए निर्गत करा दिया जायेगा ? | सम्पूर्ण देश में जन्म मृत्यु पंजीकरण की एकल व्यवस्था जन्म मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत सी0आर0एस0 पोर्टल पर लागू की गयी है, जिसके माध्यम से जन्म व मृत्यु प्रमाण-पत्र निर्गत किये जाते है।<br>जन्म अथवा मृत्यु की घटना जिस शहर में होती है, उस शहर के जन्म मृत्यु राजिस्टार द्वारा जन्म एवं मृत्यु अधिनियम-1969 में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत किये जाते है। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | उपरोक्तानुसार। |

ए.के. शर्मा
मंत्री,
नगर विकास विभाग।